दैनिक जागरण 30/03/2026

# जीएमएन कालेज में टू वीक चैलेंज में सीखा पर्यावरण संरक्षण का महत्व

अंबाला (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) में आयोजित टू वीक चैलेंज कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझा। यह आयोजन नेशनल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में कालेज के एसडीजी क्लब, समाजशास्त्र विभाग, ईको क्लब एवं इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा किया गया। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सेव एनवायरनमेंट का संदेश देते हुए हस्ताक्षर किए तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य डा. रोहित

अजीएमएन कालेज में टू वीक चैलेंज के दौरान पौधे में पानी देते हुए व साथ में प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त ◈ विज्ञप्ति

दत्त ने मुख्य अतिथि के तौर पर एचएसबीटीई के सेक्रेटरी राजेश गोयल तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. जगदीश चंदर मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।